पत्रिका

ब्रीफ न्यूज

# हाईकोर्ट के दो अधिकारी सेवानिवृत्त, सीजे ने किया सम्मानित





**बिलासपुर@पत्रिका.** हाईकोर्ट में एडिशनल रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत् रमाकांत बंजारी तथा असिस्टेंट कोर्ट मास्टर के पद पर कार्यरत् मनीत मल्ली को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि रमाकांत बंजारी ने वर्ष 1987 में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर में लिपिक पद से अपनी सेवा प्रांरभ की थी। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद वे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान करते हुए एडिशनल रजिस्ट्रार के पद से सेवानिवृत्ति हुये। मनीत मल्ली ने वर्ष 2001 में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में सेवा आरंभ की थी। विभिन्न पदों पर उन्होंने सेवा प्रदान की।

01/07/2025 | Bilaspur | Page : 16
Source : https://epaper.patrika.com/